

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**राजभवन, पटना–800022**

*संख्या–54/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राज्यपाल ने 'बुद्ध पूर्णिमा' के अवसर पर बिहारवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

**पटना, 11 मई, 2025 :–** माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि भगवान बुद्ध का संदेश हमें सत्य, अहिंसा, प्रेम, करूणा और शांति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है तथा उनके द्वारा निर्दिष्ट अष्टांगिक मार्ग जीवन को सही और सार्थक दिशा प्रदान करता है। आज विश्व समुदाय जिन अनेकानेक समस्याओं और चुनौतियों का सामना कर रहा है, उनका समाधान भगवान बुद्ध के दर्शन एवं उपदेशों में निहित है।

उन्होंने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर हमें उनके संदेशों और शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात कर शांतिपूर्ण, समतामूलक और समावेशी समाज के निर्माण में अहम योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए।

..........................................